>

Title: Request to construct 3 Kendriya Vidyalaya in Rampur, Junagarh, Lajigarh and declare Dharam garh as Hard station.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जो बैकवर्ड एरिया है। कालाहाण्डी, ओडिशा में चार केन्द्रीय विद्यालय हैं और तीन केन्द्रीय विद्यालय के लिए बिल्डिंग नहीं बनी है, जिसके कारण प्लस 2 क्लास नहीं चल पा रही है। इसी के साथ-साथ तीन विधान सभा क्षेत्र, नरला, लांजीगढ़ और जूनागढ़ में केन्द्रीय विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को अंग्रेजी और दूसरी भाषाओं की पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि रामपुर, जूनागढ़ और लांजीगढ़, जहां पर वेदान्ता एल्यूमिनियम फैक्ट्री है, वहां पर तीन नए केन्द्रीय विद्यालय खुलवाए जाएं और जहां पर चार केन्द्रीय विद्यालय हैं, उनमें से धर्मगढ़ को हार्ड स्टेशन घोषित किया जाए। नुआपड़ा, खड़िआल और धर्मगढ़ के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाए और वहां पर प्लस 2 क्लास खोलने के लिए इजाजत दी जाए। मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री से निवेदन करता हूं कि इस विषय पर तुरंत कदम उठाया जाए।